न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर
जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी– सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर 100/2022 | तारीख रजू 24.01.2022 | तारीख निर्णय 26/2/26

विरमा देवी पुत्री हरिया, मीना निवासी उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर ——प्रार्थिया

बनाम

लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर ——अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :– श्री विनोद कुमार शर्मा, एडवोकट, प्रार्थी की ओर से

निर्णय

प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि ग्राम उदेईखुर्द पटवार मंडल उदेईखुर्द 'अ' तह0 वजीरपुर की जमाबंदी संवत 2076–79 के खाता संख्या 532, पटवार मंडल उदेईखुर्द 'ब' के खाता संख्या 617 मे दर्ज भूमि प्रार्थिया की खातेदारी मे दर्ज है। उपरोक्त भूमि का प्रार्थिया के नाम विरासत का नामान्तकरण खोला गया उसमे प्रार्थिया का नाम विरमा के स्थान पर विरज्या दर्ज कर दिया गया है जबकि प्रार्थिया के अन्य कागजात जनाधार, आधार कार्ड, राशनकार्ड इत्यादि मे सही नाम विरमा देवी अंकित है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि उदेईखुर्द पटवार मंडल उदेईखुर्द 'अ' तह0 वजीरपुर की जमाबंदी संवत 2076–79 के खाता संख्या 532, पटवार मंडल उदेईखुर्द 'ब' के खाता संख्या 617 मे दर्ज प्रार्थिया का नाम विरज्या के स्थान पर विरमा देवी शुद्ध किया जावें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थिया ने फोटोकोपी नकल जमाबंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 532 पटवार हलका उदेईखुर्द 'अ', फोटोकॉपी नकल जमाबंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 617 पटवार हल्का उदेईखुर्द 'ब' फोटोकॉपी आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, राशनकार्ड बैंक पासबुक प्रस्तुत किये है एवं सरपंच ग्राम पंचायत उदेईखुर्द द्वारा दिनांक 14.01.2021 को जारी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया एवं तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट चाही गई।

अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर की ओर से उनके पत्र क्रमांक भू0अ0/2025/67 दिनांक 29.01.2026 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

वकील प्रार्थिया को सुना गया।

प्रार्थिया के वकील ने प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर इसके अनुसार अभिलेख मे शुद्धि करवाने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट का अध्ययन किया गया। तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम उदेईखुर्द 'ब' के खाता संख्या 617 मे प्रार्थिया का नाम विरमा पुत्री हरिया दर्ज है जो सही है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 16:43:17 IST
Reason: SelfAttested

एवं ग्राम उदेईखुर्द 'अ' की जमाबंदी के खाता संख्या 532 मे प्रार्थिया का नाम विरमा के स्थान पर विरजा दर्ज है। जिसे शुद्ध किया जाना उचित है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम उदेईखुर्द के पटवार हल्का उदेईखुर्द 'अ' तहसील वजीरपुर की जमाबंदी संवत 2076–79 के खाता संख्या 532 मे दर्ज नाम विरजा पुत्री हरिया के स्थान पर विरमा पुत्री हरिया दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में शुद्धि करने का आदेश भी दिया जाता है। इस खाते में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक [illegible] को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुधारानी मीना)
उप जिला कलक्टर
वजीरपुर

उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 15:43:17 IST
Reason: SelfAttested